समाचार

कोरबा के विकास में सर्वसमाज के साथ मसीही समाज का योगदान भी महत्वपूर्ण – राजस्व मंत्री

(मिशन कम्पाउण्ड कोरबा में नवनिर्मित सामुदायिक मंच का लोकार्पण किया राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने)



कोरबा 06 नवम्बर 2022 – राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने कहा है कि ऊर्जाधानी कोरबा की विकास यात्रा में कोरबा के सर्वसमाज के साथ–साथ मसीही समाज का अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान रहा है, उन्होने कहा कि किसी भी देश, प्रदेश, जिले व शहर का सर्वागीण विकास तभी संभव होता है, जब वहॉ पर रह रहे सभी समाज के लोग कंधे से कंधा मिलाकर अपना भूमिका निभाते हैं, मुझे खुशी है कि हमारे कोरबा के क्रमिक विकास में सभी का सहयोग मिला, सबने अपने–अपने दायित्वों का बखूबी निर्वहन किया।

उक्त बातें राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने वार्ड क्र. 01 मिशन कम्पाउण्ड में आयोजित लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान कही। नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा कोरबा जोनांतर्गत वार्ड क्र. 01 मिशन कम्पाउण्ड में मेनोनाईट चर्च के समीप सामुदायिक मंच का निर्माण राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल के विधायक मद से किया गया है। रविवार को आयोजित कार्यक्रम के दौरान राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने मुख्य अतिथि के रूप में अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान करते हुए उक्त नवनिर्मित सामुदायिक मंच का लोकार्पण

किया, कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद के द्वारा की गई, वहीं विशेष अतिथि के रूप में निगम की एम.आई.सी. के सदस्यगण, पार्षदगण व एल्डरमेनगण उपस्थित थे। इस मौके पर दिए गए अपने उद्बोधन में राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल ने आगे कहा कि समाज के लोगों ने यहॉ पर एक सामुदायिक मंच की आवश्यकता देखते हुए सर्वसुविधायुक्त मंच निर्माण का आग्रह मुझसे किया था, परिणाम स्वरूप विधायक मद से इसकी स्वीकृति दी गई तथा आज यह मंच लोकार्पित हो रहा है। उन्होने कहा कि मेरा सदैव प्रयास रहा है कि कोरबा के विकास के साथ–साथ यहॉ पर निवासरत नागरिकों व समाजों की सामाजिक आवश्यकताएं भी पूरी हों, सभी समाजों के अपने भवन हों, जहॉ पर वे अपने सामाजिक, सांस्कृतिक व सार्वजनिक कार्यक्रमों का आयोजन सुविधापूर्ण ढंग से कर सके, मुझे प्रसन्नता है कि मेरे इस प्रयास को पूरी सफलता मिली है तथा कोरबा के सभी समाजों के लिए अपने स्वयं के भवन बनाए जा चुके हैं।

कोरबा के विकास के लिए समर्पित है राजस्व मंत्री – इस मौके पर महापौर श्रीराजकिशोर प्रसाद ने कहा कि राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल कोरबा के सर्वागीण विकास के लिए पूर्ण रूप से समर्पित हैं, उन्हीं के प्रयासों से हमारे कोरबा को बड़ी–बड़ी सौगातें प्राप्त हुई हैं। उन्होने निरंतर कोरबा के विकास के लिए, नागरिक सुविधाओं की बेहतरी के लिए, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन, मनोरंजन व खेलकूद सुविधाओं की सहज उपलब्धता के लिए निरंतर कार्य किया है। हम भाग्यशाली हैं कि हमें ऐसा नेतृत्व मिला है, जिनके मार्गदर्शन में कोरबा का तेजी से विकास हो रहा है, आज कोरबा में विकास का जो स्वरूप हम देख रहे हैं, निश्चित रूप से इसमें राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल की भूमिका सबसे अधिक महत्वपूर्ण रही है।

लोकार्पण कार्यक्रम के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के ग्रामीण अध्यक्ष व पार्षद सुरेन्द्र जायसवाल, मेयर इन काउंसिल सदस्य व वार्ड पार्षद संतोष राठौर, एल्डरमेन बच्चूलाल मखवानी, कृषि कल्याण समिति के सदस्य अमन पटेल, प्रदीप पुरायणे, भुनेश्वर राज, रेव्ह. डी.कुमार, रेव्ह. पवित्र दीप, विजय धीवर, विनोद सोनकर, सीमा लाल, पादरी विवेक उपाध्याय, एस.नंन्द, अमोल बारिक, मोरिस झिलकर, मनीष यादव, विपूल गार्डिया, सलोम गार्डिया, एन.गार्डिया, डी.जी. यादव, संजय दयाल, संजय मसीह, राकेश राम, जोन कश्मिनर विनोद शांडिल्य, राकेश मसीह, राहुल मसीह, अविनाश नंदी, एस.लाल, शबनम मसीह, लीना जूरी आदि के साथ काफी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे।